सशक्त लोकतंत्र की थीम पर मनेगा मतदाता दिवस

प्रतिनिधि ▸ औरंगाबाद शहर

इस वर्ष 'निर्वाचक साक्षरता-सशक्त लोकतंत्र' थीम पर 10वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा. 25 जनवरी को मनने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारी शुरू कर दी गयी है. इसी कड़ी में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम राहुल रंजन महिवाल ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों व निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों व कर्मियों के साथ अलग-अलग बैठक की. इसमें उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक में राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों व जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया और सहयोग मांगा गया. डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का पहला उद्देश्य निर्वाचक के पंजीकरण में वृद्धि करना यानी योग्य नागरिकों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण करना है. लेकिन, इसका भी ख्याल रखा जाना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति का एक ही स्थान पर निर्वाचक सूची में नाम हो. यदि एक से अधिक जगह पर नाम है तो उसे कटवा लें. क्योंकि एक से अधिक जगहों पर निर्वाचक सूची में नाम रखना दंडनीय अपराध है. निर्वाचक सूची में लिंगानुपात को ठीक करना एवं युवा वर्ग को निर्वाचक सूची में पंजीकृत करने के लिए जागरूक करना भी मतदाता दिवस का अहम उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, वहीं राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में नये वोटरों के बीच ईपिक वितरण किया जायेगा. राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि वे जिले के सभी 1923 बूथों पर अपना बीएलए नियुक्त कर लें और इसकी सूची निर्वाचन कार्यालय को सौंप दें.

बैठक में शामिल पदाधिकारी.

बूथ से लेकर सरकारी कार्यालयों में होंगे कार्यक्रम: राष्ट्रीय मतदाता दिवस बूथों से लेकर सरकारी कार्यालयों तक में मनाया जायेगा. सभी जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने बताया कि जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट में समारोह का आयोजन किया जायेगा. इसके अलावा सभी मतदान केंद्रों, प्रखंड कार्यालयों, अनुमंडल कार्यालय, शिक्षण संस्थानों आदि में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. राजनीतिक दल अपने स्तर से भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना सकते हैं. 25 जनवरी को सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली निकलेगी, जो शहर में भ्रमण करेगी. प्रभात फेरी भी निकाली जायेगी. इसके बाद कलेक्ट्रेट में आयोजित विशेष कार्यक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उद्देश्यों की जानकारी दी जायेगी. व्यक्तियों को बैज प्रदान किया जायेगा. मुख्य निर्वाचन आयुक्त के मतदाता दिवस 2020 के संदेश का प्रसारण किया जायेगा. बेहतर काम करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जायेगा.

प्रभात खबर
Tue, 21 January 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/48180627